(c) whether Government have a proposal to open some more number of fishing research institutes in 1983-84;

(d) if so, the number of such fishing research institutes proposed to be set up in Orissa in the above financial year; and

(e) the details of their locations?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (RAO BIRENDRA SINGH): (a) No fishing research institute has been set up in any State.

(b) Does not arise.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

(e) Does not arise.

## अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित कोटे को भरना

3613. श्री राम विलास पासवान : क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय के विभिन्न विभागों में श्रेणी-वार कितने कर्मचारी काम कर रहे हैं ;

(ख) उनमें से अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के श्रेणी-वार कितने कर्मचारी हैं तथा प्रत्येक श्रेणी में उनका क्या प्रतिशत है ;

(ग) क्या प्रत्येक श्रेणी में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित कोटा पूरा कर लिया गया है ;

(घ) यदि नहीं, तो शेष कोटे को पूरा करने के लिए सरकार क्या विशेष कदम उठा रही है ;

(ङ) क्या सरकार अनुसूचित जातियों तथा अनुसचित जनजातियों के योग्य उम्मीदवार उपलब्ध होने पर भी उन्हें जानबूझकर भर्ती न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही करती है ; और

(च) यदि हां, तो अब तक कितने अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है तथा की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

सिंचाई मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है और यथासम्भव शीघ्र सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

## राजभाषा अधिनियम का क्रियान्वयन

3614. श्री राम विलास पासवान : क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के उपबन्धों का क्रियान्वयन किया जा रहा है और यदि हां, तो पिछले एक र्ष के दौरान कितने सामान्य आदेश जारी किये गये और इनमें से कितने आदेश अंग्रेजी और हिन्दी दोनों भाषाओं में जारी किये गये ;

(ख) पिछले एक वर्ष के दौरान कितने पत्र हन्दी में प्राप्त हुए और उनमें से कितने पत्रों का हिन्दी में उत्तर दिया गया ;

(ग) मंत्रालय द्वारा कितने प्रकाशन/पत्रिकाएं निकाले गये और उनमें से कितने हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में निकाले गये ;

(घ) वर्ष 1968 के पश्चात कितने कार्यालय/संगठन स्थापित किये गये और उनमें से कितने के नाम शुरु से ही हिन्दी में रखे गये ; और

(ङ) क्या सरकार ने राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**सिंचाई मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा)** : (क) राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के लिए सभी संभव प्रयास किए जाते हैं । पिछले वर्ष, अर्थात 1982 के दौरान, इस मंत्रालय द्वारा कुल 1892 सामान्य आदेश जारी किए गए थे, और इनमें से 1148 हिन्दी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में जारी किए गए थे ।

(ख) वर्ष 1982 के दौरान, 3558 पत्रादि हिन्दी में प्राप्त हुए थे और उनमें से 1398 के उत्तर हिन्दी में दिए गए थे ।

(ग) इस मंत्रालय द्वारा कोई प्रकाशन/पत्रिका प्रकाशित नहीं की जाती है । तथापि, इस मंत्रालय के एक संबद्ध कार्यालय, केन्द्रीय जल आयोग द्वारा एक त्रैमासिक पत्रिका, "भगीरथ" हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित की जाती है ।

(घ) इस मंत्रालय द्वारा, 1968 के पश्चात् 15 कार्यालयों/संगठनों की स्थापना की गई थी और उनमें से, एक कार्यालय अर्थात "राष्ट्रीय बाढ़ आयोग" को प्रारम्भ से ही भारतीय नाम दिया गया था ।

(ङ) सभी अधिकारियों/अनुभागों/सगठनों आदि, को इस संबंध में समय-समय पर अनुदेश जारी किए गए हैं कि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट सभी कागजात को अनिवार्यतः द्विभाषिक रुप में जारी किया जाए और ऐसे कागजात पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारियों को अनुदेश दिए गए हैं कि वे इस कानूनी अपेक्षा के पूर्ण अनुपालन को सुनिश्चित करें ।

### निर्माण और आवास मंत्रालय में हिन्दी का प्रयोग

3615. **श्री राम विलास पासवान** : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के उपबंधों को लागू किया जा रहा है और यदि हां, तो गत वर्ष कितने सामान्य आदेश जारी किये गये और उनमें से कितने आदेश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किये गये ;

(ख) गत वर्ष के दौरान कुल कितने पत्र हिन्दी में प्राप्त हुए और उनमें से कितने पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया गया ;

(ग) उनके मंत्रालय से कितनी पुस्तकें, पत्रिकायें प्रकाशित हुईं और उनमें से कितने हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित की गई;

(घ) 1968 के बाद कितने कार्यालय/संगठन स्थापित किये गये और उनमें से कितनों के नाम प्रारम्भ से ही हिन्दी में रखे गये ; और

(ङ) क्या सरकार ने राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**निर्माण और आवास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मोहम्मद उस्मान आरिफ)** : (क) जी, हां । गत वर्ष अर्थात् जनवरी से दिसम्बर, 1982 के दौरान जारी किए गए